2020/00232

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री यूसूफ खान पुत्र श्री बाबू खान
जाति मोयला मुसलमान
निवासी वेरारामपुरा तहसील शिवगंज
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड़ अधिकारी सिरोही

केस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 34 वर्ष 2020

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
0.08.2020	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी सिरोही को दिनॉक 18.11.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि दिनांक 30.01.2012 व 05.10.2012 को श्री जोरखान पुत्र श्री हाजीखान मुसलमान निवासी वेरारामपुरा हाल बड़गांव द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही एवं फोरलेन भूमि अवाप्ति का मुआवजा में दिए गए समस्त मालिकाना दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपी से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था । किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं । मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी सिरोही को दिनॉक 05.09.2019 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि दिनांक 30.01.2012 व 05.10.2012 को श्री जोरखान पुत्र श्री हाजीखान मुसलमान निवासी वेरारामपुरा हाल बड़गांव द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर की गई कार्यवाही एवं फोरलेन भूमि अवाप्ति का मुआवजा में दिए गए समस्त मालिकाना दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपी से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड़ अधिकारी सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । [illegible] संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सू[illegible] करें । पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	273-74 13/8/20

Signature Not Verified
Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal
Date: 2021.01.12 16:48:57 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner